मध्यप्रदेश राज्य रोजगार गांरटी परिषद्, भोपाल
(पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के अधीन पंजीकृत संस्था)
द्वितीय तल, नर्मदा भवन, अरेरा हिल्स, भोपाल - ४६२०११

क्र./8180/मॉनिट/NR-7/मनरेगा/12 भोपाल, दिनांक 24/08/2012

प्रति,

मुख्य कार्यपालन अधिकारी/अति. जिला कार्यक्रम समन्वयक
जिला पंचायत टीकमगढ़, अशोकनगर, हरदा, कटनी, होशंगाबाद, उज्जैन एवं विदिशा

विषय :- **मासिक प्रगति पत्रक को भारत सरकार की वेबसाइट में अद्यतन करने विषयक ।**

संदर्भ :- आयुक्त, म.प्र.राज्य रोजगार गारंटी परिषद भोपाल का अर्द्धशासकीय पत्र क्रमांक 475 दिनांक 20.07.2012

भारत सरकार की वेबसाईट www.nrega.nic.in में जिले की मासिक **प्रगति** पत्रक के प्रथम तीन प्रपत्र का सृजन एम.आई.एस में की गई डाटा अपलोडिंग के आधार पर तथा शेष चार प्रपत्र जिले द्वारा manually अद्यतन की जा रही है। भारत सरकार के निर्देशानुसार प्रत्येक माह मासिक प्रगति पत्रक 10 तारीख के पूर्व अद्यतन किया जाये । इस संबंध में परिषद द्वारा बार-बार स्मरण कराया गया है ।

पुनः संदर्भित अर्द्धशासकीय पत्र द्वारा मासिक प्रगति प्रतिवेदन प्रत्येक माह की 10 तारीख तक अनिवार्यतः अद्यतन कराने हेतु निर्देशित किया गया है, किन्तु फिर भी जानकारी पोर्टल पर निर्धारित समय सीमा में फीड नहीं की जा रही है ।

वित्तीय वर्ष 2012-13 में नीचे दर्शित सारणी अनुसार जिले द्वारा आज दिनांक 21.8.12 तक फीड नहीं किया गया है।

- **जिला उज्जैन (तीन प्रपत्र) एवं टीकमगढ़ (एक प्रपत्र) द्वारा** माह **अप्रैल 12 के पश्चात फीडिंग कार्य नहीं किया गया है ।**
- **टीकमगढ (दो प्रपत्र)** माह **मई 12 के पश्चात फीडिंग कार्य** नहीं **किया गया है ।**
- **शेष जिलों द्वारा जुलाई 12 का मासिक प्रगति पत्रक फीड** नहीं **किया गया है ।**

मासिक प्रगति पत्रक को 10 तारीख के पूर्व **अद्यतन** करने हेतु परिषद कार्यालय द्वारा बार बार अनुरोध करने के **पश्चात** भी फीडिंग कार्य नहीं किया गया है । यह अत्यंत आपत्तिजनक है, जानकारी तत्काल फीड करावें तथा भविष्य में जानकारी समय-सीमा फीड कराने हेतु संबंधित को निर्देशित करें । भविष्य में समय सीमा में जानकारी फीड न होने पर त्रुटिकर्ता का उत्तर दायित्व निर्धारित कर अवगत करावें ।

The Mahatma Gandhi National Rural Employment Guarantee Act

21/8/2012

	Distt	Bank	Transparency	capa_per	capa_trin
1	2	3	4	5	6
1	TIKAMGARH	5	6	4	5
2	ASHOK NAGAR	7	6	7	7
3	HARDA	6	6	6	6
4	KATNI	6	6	6	6
5	HOSHANGABAD	7	7	6	6
6	UJJAIN	4	4	4	5
7	VIDISHA	6	6	6	6

नोट - कॉलम नं. 3, 4, 5 एवं 6 में संख्या संबंधित जिले द्वारा जानकारी फीड किये गये माह तक की है । उसके पश्चात की फीडिंग जिले द्वारा नही की गई है ।

(शैलेन्द्र खरे) 24/8
संयुक्त आयुक्त (प्रशासन)
म.प्र.राज्य रोजगार गारंटी परिषद

D:\New Data 1.4.12\All New document\distt letter 2012.doc